ग्राम सेवक की हत्या के आरोप में सरपंच को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना जिले के अन्तर्गत श्रीमाधोपुर तहसील की ग्राम पंचायत चीपलाटा में कार्यरत ग्राम सेवक ने सरपंच सहित कई लोगों पर दबाव का आरोप लगाते हुए अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी। इस पर परिजनों ने अनेक लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की तो चीपलाटा सरपंच अपनी लगातार लोकेशन बदल रहा था। जिसको टीम द्वारा मुम्बई महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी ने बताया कि हमने गिरफ्तारी हेतु जिला स्तर व थाना स्तर पर विशेष पुलिस टीमों का गठन कर भरसक प्रयास किये जिसमें राजस्थान राज्य व बम्बई महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। प्रकरण में फरार अभियुक्त मनोज गुर्जर निवासी चीपलाटा थाना थोई को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो पूना महाराष्ट्र से 70 किलोमीटर दूर था। जहां से लगातार जगह बदल रहा था, जिसको टीम द्वारा भरसक प्रयास कर मुम्बई महाराष्ट्र से दस्तयाब किया गया। बाद में पूछताछ प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी है।

पुलिस ने सरपंच को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया।

- ग्राम सेवक ने चीपलाटा सरपंच सहित कई लोगों पर दबाव का आरोप लगाते हुए आत्महत्या की थी
- गिरफ्तारी के डर से पूना महाराष्ट्र में लगातार ठिकाने बदल रहा था सरपंच

जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को परिवादी सन्तोष कुमार पुत्र सुण्डाराम रैगर निवासी वार्ड नं. 10 झाडली थाना थोई नीमकाथाना ने मामला दर्ज करवाया कि मेरे चाचाजी का लड़का ललित कुमार पुत्र हीरालाल रैगर उम्र 25 वर्ष थोई का रहने वाला है, जो वर्तमान में ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चिपलाटा में पद स्थापित है। ललित कुमार की नई नौकरी होने से ललित पर सरपंच व अन्य अधिकारी दबाव बना कर काम करवाते रहे। ग्राम पंचायत में तत्कालीन ग्राम सेवक नरेन्द्र प्रताप सिंह व सरपंच मनोज गुर्जर द्वारा गबन करने पर रिपोर्ट दर्ज कराने के कारण भी सरपंच मनोज गुर्जर व इसके पिता पूर्व सरपंच बीरबल राम गुर्जर, तत्कालीन ग्राम सेवक नरेन्द्र प्रताप सिंह भी काफी ज्यादा परेशान कर रहे थे। ललित ने अपनी परेशानी के बारे में विकास अधिकारी पंचायत समिति अजीतगढ़ को भी कई बार निवेदन किया परन्तु विकास अधिकारी ने मदद करने की बजाय ललित को ही धमकाया। इसके अलावा ग्राम पंचायत चिपलाटा का कर्मचारी जगदेव, ठेकेदार पोखर, एलडीसी, कर्मचारी मंगल, बीरबल पूर्व सरपंच के साथ व अन्य लोग मिलकर गलत काम करवाने के लिए लगातार दबाव बनाते रहे और लगातार इन सब लोगों ने फोन के द्वारा मानसिक परेशान करते रहे, जिसके कारण ललित ने रात को अपनी परेशानी के बारे में एक सुसाइड नोट लिखकर अपनी परेशानी को विभिन्न नम्बरों के वाट्सएप पर सुसाइड नोट को वायरल करने के बाद अपने कमरे में पंखे के कुंदे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

स्वच्छ भारत मिशन के कॉर्डिनेटर ने बैठक ली

झुंझुनूं, (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के स्टेट कॉर्डिनेटर और डूंगरपुर के पूर्व सभापति केके गुप्ता ने सोमवार को झुंझुनूं जिला परिषद में अधिकारियों की बैठक ली। गांवों को स्वच्छ बनाने की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों को लेकर सभी चर्चा की गई।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए केके गुप्ता ने कहा कि पुराने कचरे का निस्तारण और डोर टू डोर कचरा संग्रहण को गांवों में सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर बताया कि झुंझुनूं में हर घर में प्लास्टिक घर कार्यक्रम लॉन्च किया जाएगा। ताकि घरों का प्लास्टिक घरों में ही इकट्ठा किया जा सके।

एक अनुमान के मुताबिक गांवों में 70 प्रतिशत कचरा प्लास्टिक का होता है। इसलिए प्लास्टिक हर घर में इकट्ठा किया जाएगा। तो उसे बेचकर घरवाले पैसे भी प्राप्त कर सकेंगे और गांव की स्वच्छता में भी सहयोग देंगे।

उन्होंने मॉडल के तौर पर हर पंचायत समिति में एक-एक ग्राम पंचायत को चिह्नित कर यह कार्यक्रम शुरू करने का आव्हान किया।

आयुक्त अनिता खीचड़ ने किया कार्यभार ग्रहण

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं नगर परिषद में एक बार फिर अनिता खीचड़ ने आयुक्त पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

सोमवार सुबह नगर परिषद पहुंचने पर पूर्व पार्षद प्रमोद जानूं तथा लीलाधर जाखड़ की अगुवाई में आयुक्त अनिता खीचड़ का स्वागत किया गया। इस मौके पर अनिता खीचड़ ने कहा कि निकायों का मुख्य काम साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था करना होता है। इसी क्रम में वे कोशिश करेंगी कि सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट का जो प्लांट का अधूरा काम पड़ा है, वो पूरा हो। इसके अलावा दुकानों से शाम को कचरा कलेक्शन हो। ताकि शहर के बाजार साफ-सुधरे रह सके।

उन्होंने बताया कि सालों से नगर परिषद के पास आडिटोरियम का काम अधूरा पड़ा है। इसे भी पूरा करवाना प्राथमिकता में रहेगा। वहीं कार्यभार ग्रहण करने के बाद आयुक्त अनिता खीचड़ ने नगर परिषद के अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि वे समयबद्ध ढंग से प्राप्त समस्याओं का समाधान करें। साथ ही बिना कोई कारण के फाइलों को रोकें नहीं। यदि पट्टा समेत अन्य कार्यों की फाइलों में कमी है तो वो संबंधित आवेदक को एक साथ बताएं। ताकि आवेदक फाइलों की कमियों की पूर्ति कर सके। उन्होंने कहा कि अमृत दो के तहत सीवरेज का काम चल रहा है। जिसे भी समय पर पूरा करवाया जाएगा। आपको बता दें कि पूर्व में भी अनिता खीचड़ नगर परिषद की आयुक्त रह चुकी है। कोरोना काल में झुंझुनूं नगर परिषद आयुक्त रहते हुए अनिता खीचड़ के कार्यों को कई संस्थाओं के अलावा सरकार ने सराहा था। इस मौके पर भाजपा नेता पुरूषोत्तम खाजपुरिया, राकेश सहल, डॉ. भावना शर्मा, सपना राणासरिया समेत अन्य लोगों ने खीचड़ को बधाई दी।

पूर्व पार्षद प्रमोद जानूं, लीलाधर जाखड़, पुरूषोत्तम खाजपुरिया आदि ने अनिता खीचड़ का स्वागत किया।

धोखाधड़ी का आरोपी रिमांड पर

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने वार्ड 12 कस्बा राजगढ निवासी एक एजेन्ट को भादरा निवासी दो लोगों को विदेश भेजकर 4 लाख 50 हजार रूपये हडपने के आरोप में सोमवार को पुन: न्यायालय में पेश कर गहन पूछताछ हेतु दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया है।

अनुसंधान अधिकारी एएसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि कबुतरबाजी कर रूपये हडपने के आरोपी एजेन्ट मोहम्मद बिलाल पुत्र मोहम्मद रफीक कायमखानी निवासी वार्ड नं. 12, राजगढ तहसील राजगढ जिला चूरू को गिरफ्तार कर एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया था, मगर मामले में गहन पुछताछ हेतु न्यायालय में पेश दो दिन के रिमाण्ड पर लिया है। गौरतलब है कि राजगढ थाने में इकराज खां पुत्र फरियाद खां एवं खुशी मोहम्मद पुत्र असलम खां कायमखानी निवासी भादरा जिला हनुमानगढ ने 18 जनवरी 2024 को इस आरोप का मामला दर्ज करवाया था कि 20 दिसम्बर 2023 को एजेन्ट मोहम्मद बिलाल पुत्र मोहम्मद रफीक कायमखानी निवासी वार्ड नं. 12, राजगढ तहसील राजगढ जिला चूरू जो विदेश भेजने का कार्य करता है।

शिक्षक के जन्मदिन पर 92 यूनिट रक्तदान हुआ

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ तहसील के गुलपुरा गांव के शिक्षक राकेश सूडा ने घनाऊ बाडमेर में जन्मदिन के उपलक्ष पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के तत्वावधान में पुलवामा शहीदों को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन लक्ष्य हॉस्पिटल घनाऊ में किया।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय और कुमार ब्रदर्स फाउंडेशन के सहयोग से लक्ष्य हॉस्पिटल में लगे शिविर में 92 यूनिट रक्त संग्रह किया जाकर ब्लड बैंक के खीयाराम चौधरी को सौंपा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनाऊ थानाधिकारी गोविंदराम ने बताया की रक्तदान जीवन का सबसे बडा दान होता है, रक्तदान से कईयों का जीवन बचाया जा सकता है, राकेश सूडा ने कहा की ये पुण्य का कार्य है मैंने आदरणीय भाई पवन गोठवाल की प्रेरणा से किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षत्ता कर रहे घनाऊ बीसीएमएचओ महेंद्र यादव ने शिक्षक राकेश सुंडा के सामाजिक कार्यो की सराहना करते हुए सभी से जरूरतमंद को रक्तदान करने का आग्रह किया। ईटादिया पीईईओ आशानंद रोहिला, कृपाराम गढवीर और गोरधनराम बेनीवाल ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के उपशाखा उप संयोजक मोटाराम सेंवर ने किया। रक्तदान करने वाले दानदाताओं को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शेराराम छुरियट, संजय आलडिया, संजय महरिया, अजय सिंघल, रमेश बोस, हनुमान पावड, जटाशंकर शर्मा, उदाराम बालाच, याकूब, रहुमा, विजेंद्र सिहाग, दलीप बेरवाल, नगेन्द्र मीणा, मनोज कटारिया व देवीलाल सहित शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

राजगढ़ तहसील के गुलपुरा गांव के शिक्षक राकेश सूडा ने जन्मदिन के उपलक्ष पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

श्री गोपाल गौशाला में गिर गाय का होगा पालन

झुंझुनूं, (निसं)। श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं जिले की सर्वश्रेष्ठ गौशाला, जहां गौ माता की सेवा वर्षों से होती आ रही है तथा गौसेवा में नवाचार करने में हमेशा अग्रणी रही है।

गौशाला में साफ सफाई, गौ माता के लिए रहने खाने की समुचित व्यवस्था, हॉस्पिटल तथा अन्य गतिविधियां गौ भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र है। जहां प्रतिदिन सुबह से शाम तक गौ भक्त न केवल आते हैं। गौशाला नवाचार के क्रम में गिर गाय का पालन करने के लिए प्रथम बार 11 गिर गाय लेकर आ रही है। जिसके लिए उदारमना गौ भक्त दानदाताओं से स्वीकृति मिल चुकी है।

जानकारी देते हुए गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि इन 11 गिर गायों के लिए अलग से सैड बनवाकर सुंदर तरीके से व्यवस्था की जाएगी। गौशाला पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि गिर गायों के लिए एवं छानी डालने वाले सैड के एक्सटेंशन के लिए दो सैड गौ भक्त दानदाता स्व. मणीदेवी ढंढारिया एवं स्व. बिहारीलाल ढंढारिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र राधेश्याम ढंढारिया, सुपौत्र राहुल एवं राज ढंढारिया राहुल फुटकेयर लिमिटेड जयपुर के सौजन्य से बनवाए जाएंगे।

डोडा पोस्त तस्करी के आरोपी को 15 साल का कारावास

सादुलपुर, (निसं)। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वितीय ने लगभग चार वर्ष पुराने चुरा डोडा पोस्त तस्करी के मामले में एक आरोपी को 15 साल कठोर कारावास के सजा से दंडित किया है।

- अपर जिला सेशन एवं न्यायधीश द्वितीय ने किया फैसला

प्रकरण अनुसार 10 फरवरी 2020 को तत्कालीन थाना अधिकारी विष्णु दत्त बिश्नोई ने गश्त के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-52 सादुलपुर चूरू पर स्थित मुंदीताल गांव के बस स्टैंड के पास नाकाबंदी शुरू कर आने जाने वाले वाहनों की जांच की।

इस दौरान शाम 5.15 बजे चूरू की ओर से एक सफेद पिकअप गाडी आई, जिसको पुलिस ने हाथ का इशारा कर रुकवाया। पिकअप गाडी में चालक सीट पर बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछा तो अपना नाम बाबूलाल पुत्र नारायण लाल मेघवाल उम्र 24 साल निवासी कच्ची बस्ती निम्बाहेडा चित्तौडगढ हाल बैंसला भीमपुर थाना रामपुर जिला नीमच मध्यप्रदेश होना बताया।

पिकअप गाडी में कोई संदेश वस्तु हो सकती है, जिस पर शक के आधार पर पुलिस ने की तलाशी ली तो आगे की सीट पर वह नीचे कोई वस्तु नहीं मिली लेकिन पीछे डाले को चेक किया तो डाले के फर्श के नीचे बॉक्स बना हुआ था। जिसके लोहे का ढक्कन लगा हुआ था। लोहे की चादर नुमा ढक्कन को हटाकर देखा तो नीचे बने बक्से में सफेद रंग के प्लास्टिक कट्टे भरे थे। जो कुल 08 कट्टे थे।

जिनके मुंह खोलकर देखा तो सभी कट्टों में डोडा पोस्त चूरा भरा होना पाया। तथा सभी कट्टों का कुल वजन 02 क्विंटल किलोग्राम हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तथा एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की तथा पुलिस ने अनुसंधान पूर्ण कर न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया।

मामले में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वितीय दीपक पारासर ने पत्रावलियों पर आए साक्ष गवाहों और सबूत का गहन अवलोकन कर आरोपी बाबूलाल पुत्र नारायण लाल निवासी कच्ची बस्ती निंबाहेडा चित्तौडगढ हाल बैसला भीमपुर रामपुर जिला नीमच को दोषी माना तथा एनडीपीएस एक्ट में 15 साल का कठोर कारावास एवं एक लाख रुपए के जुर्माना राशि से दंडित किया है। मामले में राज्य सरकार की ओर से पैरवी सुनील बेसरा कालरी अपर लोक अभियोजक संख्या द्वितीय ने की।

ए.डी.एम. ने कार्यभार संभाला

झुंझुनूं, (निसं)। डॉ. नरेंद्र कुमार थोरी ने सोमवार को जिले के अतिरिक्त जिला कलेक्टर के पद का कार्यभार ग्रहण किया। उन्हें कार्यवाहक एडीएम बृजेश गुप्ता ने कार्यभार सौंपा। थोरी ने कहा कि वे राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सरकार की योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करवाने का प्रयास करेंगे। इससे पहले भी थोरी जिले में अतिरिक्त जिला कलेक्टर के पद पर सेवाएं दे चुके हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नंबर JC489832F रैंक सुबेदार महेन्द्र सिंह पुत्र हीराराम जाति जाट निवासी गागड़वास तह. राजगढ़ जिला चूरू (राज.) का हूं। मेरे सेना सेवा रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम भूलवश संतोष व जन्म तिथि 15.12.1968 दर्ज हो गया। अब मैं मेरे सेना सेवा रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम संतोष के स्थान पर संतोष पूनिया व जन्म तिथि 15.12.1968 के स्थान पर 15.12.1969 दर्ज करवाना चाहता हूं, जिसके पार्ट-2 आदेश जारी करवाना चाहता हूं। जो कि सही व सत्य है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधीकरण, जयपुर के पत्रांक F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat. B2(23954)/2021-22 दिनांक 20.02.2024 के द्वारा मैसर्स विनायक माईंस एंड मिनरल्स के खनन पट्टा एम.एल. 10/2023 क्षेत्रफल 1.2518 है. वास्ते खनिज चेजा पत्थर निकट ग्राम बिहारीपुर तहसील पाटन जिला सीकर के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय में जनसाधारण को देखने के लिए उपलब्ध है एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.enviroment.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

'सरकारी कार्यालय में सफाई का विशेष ध्यान रखें'

झुंझुनूं, (निसं)। साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में पेयजल, बिजली, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व सरकारी योजनाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने जल विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर आगामी गर्मियों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति के लिए आवश्यक कार्य अभी संपादित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कनेक्शन में डिमांड नोट जारी हो चुके हैं। उन पर तत्काल विद्युत कनेक्शन दिए जाएं। इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों की रिपेयर एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत नियमित रूप से खाद्य पदार्थ की जांच की जाए। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को 100 दिवसीय कार्य योजना की नियमित मॉनिटरिंग एवं लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए की सभी अधिकारी समय पर दफ्तरों में पहुंचे। अपने अधीनस्थ कार्यालय का औचक निरीक्षण करें एवं परिसर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फाइलों का नियमित रूप से निस्तारण हो। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को सरकारी पत्राचार ई-फाइलिंग के जरिए करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी अधीनस्थ कार्मिकों के डिजिटल सिग्नेचर टोकन बनवाए जाएं एवं सभी कार्य ई-फाइलिंग के जरिए ही किए जाएं।

कोतवाल पवन चौबे ने कार्यभार संभाला

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं शहर कोतवाल के पद पर सीआई पवन कुमार चौबे ने ज्वाइन किया है। ज्वाइन करने के बाद पवन कुमार चौबे ने कोतवाली के पुलिस अधिकारियों और कांस्टेबलों की बैठक ली। जिनसे ना केवल शहर का फीडबैक लिया। बल्कि पुलिस की कार्ययोजना पर भी चर्चा की। इस मौके पर पवन कुमार चौबे ने कहा कि पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं के आधार पर काम होगा। शहर में अभियान चलाकर अपराध पर लगाम लगाने का काम करेंगे। जुआ, सट्टा, नशे का कारोबार जैसे संगठित अपराधों पर नकेल कसना भी प्राथमिकताओं में होगा। आपको बता दें कि पवन कुमार चौबे अलवर से स्थानान्तरित होकर झुंझुनूं आए है। इससे पहले वे सीकर जिले में भी अपनी सेवाएं दे चुके है। चौबे से पहले पदस्थापित शहर कोतवाल राममनोहर का तबादला गुढ़ागौड़जी किया गया है।

श्री सीमेंट कंपनी गोठड़ा के गेट के सामने युवाओं ने धरना दिया

खिरोड़, (निस)। श्री सीमेंट कंपनी गोठड़ा के गेट के सामने सोमवार को किसान और युवा बेरोजगारों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। किसानों एवं युवा बेरोजगारों का धरना सुबह 6 बजे शुरू हो गया जो 9 बजे तक अनवरत चलता रहा।

धरना प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने सीमेंट कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवाओं ने बताया कि 7 फरवरी को श्री सीमेंट कंपनी के अधिकारियों को किसान संघर्ष समिति द्वारा 11 सूत्री मांग पत्र दिया गया था। उस समय कंपनी के उच्च अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया था कि आपकी मांगों पर विचार किया जाएगा। लेकिन तय सीमा 24 फरवरी को जब कंपनी की तरफ से कोई जवाब नहीं आया तो किसान और युवाओं ने फिर से सुबह 6 बजे से कंपनी के गेट के सामने धरना शुरू कर दिया। सुबह 9 बजे गोठड़ा पुलिस थानाधिकारी कमलेश कुमार मौके पर पहुंचे।

- वार्ता में तीन बिंदुओं पर नहीं बनी सहमति, फिर दिया 10 दिन का समय
- युवाओं ने कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

गोठड़ा थानाधिकारी की मध्यस्थता में सात सदस्यीय कमेटी, जिसमें किसान नेता कैलाश यादव, नरेंद्र कड़वाल, राजेश पूनियां, रतन सिंह शेखावत झाझड़, विकास शेखावत, दीप सिंह, अजीत सिंह ने श्री सीमेंट के अधिकारी के साथ 2 घंटे तक 11 सूत्री मांगों पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान तीन बिन्दुओं पर असहमति हुई। जिनमें स्थानीय युवाओं को रोजगार देने, कंपनी के टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जिन किसानों की कंपनी में जमीन आई है। उसे परिवार के सदस्य को रोजगार दिए जाने के बिंदु शामिल है। इन तीनों बिंदुओं पर कंपनी एवं किसानों के बीच सहमति नहीं बनी जबकि अन्य विभिन्न बिन्दुओं को लेकर कंपनी द्वारा 10 दिन का समय युवाओं को दिया गया है। कंपनी को आगे 10 दिन का टाइम फिर से वार्ता के लिए दिया गया। धरने में महावीर खैंटा, महेश यादव, मामराज मूंड, भूपेंद्र गुर्जर, राजीव, कुंभाराम, पंकज यादव, विकास, कैलाश यादव, नरेंद्र कड़वाल, राजेश पूनियां, रतन सिंह शेखावत, रामावतार खैंटा, ताराचंद, राजवीर, सहित बड़ी संख्या में किसान और बेरोजगार युवा उपस्थित रहे।

साहित्य गोष्ठी आयोजित

चूरू, (कासं)। रविवार शाम को नगर श्री में साहित्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें साहित्य गोष्ठी खूब जमी।

सचिव श्यामसुन्दर शर्मा ने बताया कि लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री में पं. कुंज विहारी शर्मा स्मृति साहित्य गोष्ठी के अन्तर्गत काव्य कलश कार्यक्रम का आयोजन बिसाऊ के शाइर मखदमू अहमद 'मख्दूम' की अध्यक्षता व नवल केडिया कोलकाता के विशिष्ट सान्निध्य में हुआ। मंगल व्यास भारती ने- जिन्दगी ख्यालों की बस्तियों में भटकती रही..., सुनाकर गोष्ठी का आगाज किया। सरदारशहर की भगवती पारीक ने कविता-इक दुनियां में दो दुनिया, संदीप जांगिड़ ने व्यापार में लाखों डूबे तो याद आया, मनीष सरिता कुमार ने न जाने क्यों शोर कर रही है पुरवाई. रोहितास ने नींद नहीं आती है सोने से, अनिल रजनी कुमार ने होळी रा दिन रंगीला व पिंटू ने तुम्हें नववर्ष की सुबह लिखूं को श्रोताओं ने खूब सराहा।

SUNIL KUMAR JANGIR ADVOCATE, Rajgarh Po.Sadulpur (Churu)

सार्वजिक सूचना

मैसर्स रेणुका गम एंड केमिकल इंडस्ट्रीज, तारानगर रोड, सादुलपुर जिला चूरू राजस्थान जिसका GST नंबर 08AAOFR3844B1Z5 है, इस फर्म में हम 5 पार्टनरस है, जिनके नाम निम्न है: सुमन कंवर, सुलोचना देवी अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, विकास गोयल, प्रतीक सिंघल। विजय कुमार अग्रवाल की 21-01-2022 को असामयिक निधन हो गया है। जिसके बाद से ही इस फर्म में कार्य ना के बराबर है, अतः हम सब ने मिलकर यह फैसला लिया है कि इस फर्म को बंद कर दिया जाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में किसी भी तरह की कोई व्यापारिक गतिविधि भी नहीं की गई। अतः इस फर्म के बंद होने से संबंधित अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो 7 दिवस के अंदर जिला उद्योग केन्द्र चूरू में अपनी आपत्ति दर्ज करवाए।

SUNIL KUMAR JANGIR ADVOCATE, Rajgarh Po.Sadulpur (Churu)

ढूकिया हॉस्पिटल में ऑपरेशन कर जान बचाई

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के किठाना निवासी सुमित कुमार को गुर्दे में दिक्कत होने के चलते यूरीन गुर्दे में इकट्ठा होने लगा तो ढूकिया हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट डॉ. उमराव कुलहरि व उनकी टीम ने ऑपरेशन कर जान बचाई।

हॉस्पिटल संचालक डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि जब सुमित हॉस्पिटल आया तो उसकी जब सोनोग्राफी करवाई गई तो पता चला कि राईट साइड किडनी में सूजन और यूरीन इकट्ठा हो रहा है। जो सुमित के लिए खतरनाक था। इसके बाद सुमित को 29 जनवरी एडमिट किया गया और 30 जनवरी को लेप्रोस्कोपिक पाईलोप्लास्टी ऑपरेशन ढूकिया हॉस्पिटल टीम द्वारा किया गया। इस टीम में यूरोलॉजिस्ट डॉ. उमराव कुलहरि, डॉ. अमित चौधरी, डॉ. योगेश, राजेंद्र प्रसाद, प्रवीण जानूं, सागर और प्रदीप शामिल थे। डॉ. उमराव कुलहरि ने बताया कि इस सुमित की इस दिक्कत को मेडिकल भाषा में पीयूजेओ बोलते हैं। पहले इसके लिए झुंझुनूं जैसे शहरों में कोई सुविधा नहीं थी।

सांगानेर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं : भजनलाल शर्मा

जयपुर, (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अमृत काल में भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से दौड़ रही है। नया भारत अभूतपूर्व गति एवं कौशल से कार्य कर रहा है। मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत देश भर में लगभग 41 हजार करोड़ रूपए की लागत से 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य के शिलान्यास और 1500 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। साथ ही, उन्होंने उत्तरप्रदेश के विश्वस्तरीय गोमती नगर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन भी किया। इनमें प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशन एवं 112 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास शामिल हैं। देश भर के 2021 स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें 40 लाख से अधिक लोग जुड़े।

- प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 112 आरओबी-आरयूबी का लोकार्पण एवं शिलान्यास

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और प्रधानमंत्री का इन सौगातों के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में रेलवे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आधुनिकीकरण के साथ-साथ रेलवे में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं जिससे आमजन को राहत मिल रही है। शर्मा ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस और अमृत भारत स्टेशन की चर्चा विश्वभर में हो रही है। भारतीय रेलवे ने नई रेलवे लाइनों के निर्माण, हाई स्पीड ट्रेनें, स्वच्छता एवं डिजिटलाइजेशन के लिए किए गए नवाचारों से नया मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि सांगानेर को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने के लिए 192 करोड़ रूपए की लागत से पुनर्विकास की योजना बनाई गई है। इसके अन्तर्गत सांगानेर स्टेशन पर रेलवे लाइन की संख्या 3 से बढ़ाकर 5 की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसमें अजमेर जंक्शन, पाली मारवाड़, सांगानेर, ब्यावर, फतेहनगर, जवाई बांध, रानी, सोमेसर, गोगामेड़ी, रायसिंह नगर, दौसा, फतेहपुर शेखावाटी, खैरथल, नीम का थाना, राजगढ़, डीग, धौलपुर, गोविंदगढ़, खेड़ली, बूंदी तथा झालावाड़ सिटी शामिल हैं। ये रेलवे स्टेशन मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों का केन्द्र बनेंगे। इनको सिटी सेन्टर के रूप में पुनर्विकसित करते हुए रूफ प्लाजा शॉपिंग जोन, फूड कोर्ट एवं बच्चों के खेलने के लिए क्षेत्र आदि की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त इनमें प्रवेश एवं निकास द्वार, बहु-स्तरीय पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही, प्रदेश के विभिन्न अंचलों में यातायात को सुगम बनाने की दृष्टि से 112 रोड ओवर ब्रिज, अंडरपास का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया गया। इससे स्थानीय निवासियों का आवागमन सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगा।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमवार को सांगानेर सहित राज्य के अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास, रोड ओवर ब्रिज तथा अंडरपास शिलान्यास और उद्घाटन की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में इन कार्यों से यात्रियों की सुविधाओं में ही बढ़ोतरी नहीं होगी बल्कि राजस्थान के विकास को भी नए आयाम मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन और शिलान्यास किया। राज्यपाल मिश्र इस कार्यक्रम में राजभवन से वर्चुअल जुड़े।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे के क्षेत्र में देश और प्रदेश को जो सौगातें दी वो 60 सालों में कोई सरकार नहीं दे पाई। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत अनेक रेलवे स्टेशनों को आधुनिक और हाईटेक बनाया जा रहा है जहां एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी।

सांगानेर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद सीपी जोशी, रामचरण बोहरा, जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, विधायक गोपाल शर्मा एवं कुलदीप धनखड़ सहित जनप्रतिनिधि तथा रेलवे के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रागपुरा घटना को लेकर पीसीसी ने बनाई कमेटी

जयपुर, (का.प्र.)। जिले के विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रागपुरा की युवती के साथ दुष्कर्म तथा युवती व उसके भाई के साथ मारपीट की घटना की तथ्यात्मक रिपोर्ट राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत करने हेतु चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कमेटी में डॉ. रघु शर्मा, पूर्व मंत्री, राजस्थान सरकार, धर्मेन्द्रसिंह राठौड़, पूर्व चेयरमेन, आरटीडीसी, संगीता बेनीवाल, अध्यक्ष, राजस्थान बाल संरक्षण अधिकार आयोग और इन्द्राज गुर्जर, पूर्व विधायक विराटनगर को शामिल किया है। कमेटी पीड़िता एवं उसके परिवारजनों से मिलकर वस्तुस्थिति एवं घटना की रिपोर्ट से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अवगत करवायेगी।

इधर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सवाई मानसिंह अस्पताल जाकर पीड़िता के हाल जाने और परिजनों से बात की।

SUNIL KUMAR JANGIR ADVOCATE, Rajgarh Po.Sadulpur (Churu)

सार्वजिक सूचना

मैसर्स विकास सोरटेक्स, प्लॉट नंबर डी-17 रीको इंडस्ट्रियल एरिया, सादुलपुर जिला चूरू राजस्थान जिसका GST नंबर 08AAMFV6702E1Z2 है, इस फर्म हम पार्टनरस है, जिनके नाम निम्न है कविता (1%), सुलोचना देवी अग्रवाल (30%), कशिश सिंघल (25%), विकास गोयल (19%), प्रतीक सिंघल (25%)। कशिश सिंघल जो कि हिसार की रहने वाले है एवं प्रतीक सिंघल जो कि गुरूग्राम के रहने वाले है, अपनी हिस्सेदारी इस फर्म से हटाना चाहते है, जिससे इस फर्म में हम 3 ही पार्टनरस रहेंगे, कविता देवी (34%), सुलोचना देवी अग्रवाल (33%) एवं विकास गोयल (33%) । अतः किसी को कोई आपत्ति हो, तो सात दिवस के अंदर जिला उद्योग केन्द्र चूरू में अपनी आपत्ति दर्ज करवाएं।

SUNIL KUMAR JANGIR ADVOCATE, Rajgarh Po.Sadulpur (Churu)